## महत्वपूर्ण एवं खास

### दंतेवाड़ा उपचुनाव : उम्मीदवार तय करने 29 को बैठक

**रायपुर (आरएनएस)।** दंतेवाड़ा विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां तेज हो गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस संगठन की ओर से उम्मीदवार के नाम पर विचार करने के लिए 29 अगस्त को एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। कांग्रेस संगठन की यह बैठक 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में होगी। इसमें पीसीसी चुनाव समिति के पदाधिकारी शामिल होंगे तथा दंतेवाड़ा उपचुनाव में उम्मीदवार के नाम पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस बैठक में चुनाव समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों के अलावा दंतेवाड़ा उपचुनाव के लिए संगठन की ओर से प्रभारी बनाए गए मंत्री कवासी लखमा विशेष रूप से उपस्थित होंगे। ज्ञात हो कि कांग्रेस संगठन ने लखमा को दंतेवाड़ा उपचुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया है।

### फर्जी साइन कर 1 करोड़ 25 लाख रुपये निकाल पार्टनर को लगाया चूना, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** फर्जी हस्ताक्षर कर एफिडेविड बनाकर बैंक से करोड़ों रुपये निकालकर पार्टनर के साथ धोखाधड़ी किया। घटना के रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सुमित बाजार जयस्तंभ चौक राजनांदगांव निवासी विकास बोहरा 36 वर्ष पिता जेठमल बोहरा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि राज टॉवर तात्यापारा चौक के पास आजाद चौक में 28 जुलाई 2017 को विनय जैन पिता रमेश जैन ने प्रार्थी के साथ पार्टनरशिप कर ईओएस इंटरटेन मेंट फर्म नामक आफिस खोला था। आरोपी ने प्रार्थी को बगैर बताए एफिडेविड बनाकर फर्जी हस्ताक्षर कर एक्सिस बैंक देवेंद्र नगर में खाता खोलकर उसमें जमा रकम 1 करोड़ 25 लाख रुपये निकालकर फर्म में उपयोग ना कर स्वयं उपयोग कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध कायम कर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### खेत में लगे सोलर पैनल व केबल की चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** खेत में लगे सोलर पैनल, केबल वायर को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट सेज बहार थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बोरियाखुर्द टिकरापारा निवासी विनय साहू 37 वर्ष पिता एमएल साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 19 अगस्त को डागा कॉलेज के पीछे मुजगहन स्थित खेत में लगे सोलर पैनल केबल वायर कीमत 10 हजार को किसी चोर ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### राज्य में दो दिन बाद अच्छी बारिश के आसार

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में अब आगामी दो दिनों तक अच्छी बारिश के आसार नहीं है। हालांकि प्रदेश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हैं, लेकिन बारिश के लिए जरूरी सिस्टम अभी मजबूत नहीं हो पाया है, यही वजह है कि राज्य में अनेक स्थानों पर हल्की बारिश अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, वहीं 29 अगस्त से एक बार फिर से अच्छी बारिश के आसार नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो इस समय मानसूनी द्रोणिका पलौदी, बूंदी, दमोद, अंबिकापुर, चैबासा, दीघा होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा से पूर्वी-मध्य बंगाल की खाड़ी में समुद्र सतह से 2.1 किमी की ऊंचाई से गुजर रही है। इधर कल बना चक्रवाती सिस्टम जो कि उत्तरी ओडिशा, इसके आसपास के इलाकों के साथ ही पश्चिम बंगाल के गांगई क्षेत्र, झारखंड के ऊपर सक्रिय था। आज पूर्वी मध्यप्रदेश, इसके आसपास के इलाकों के साथ ही छत्तीसगढ़ के ऊपर सक्रिय हो गया है और यह सिस्टम 0.9 किमी की ऊंचाई से लेकर 7.6 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है तथा इस सिस्टम का झुकाव दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो यह चक्रवाती सिस्टम पूर्वी मध्यप्रदेश के साथ ही इससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर सक्रिय है, यही वजह है कि प्रदेश में मानसूनी गतिविधि को इस समय सपोर्ट मिल रहा है। इसी के चलते प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में नमी आ रही है और बादल छाए हुए हैं। लेकिन बारिश के लिए जरूरी मजबूत सिस्टम न होने से बारिश नहीं हो पा रही है। लेकिन आगामी 48 घंटों के भीतर इस सिस्टम के मजबूत होने के आसार हैं। यदि ऐसा हुआ तो निश्चित रूप से एक बार फिर से प्रदेश में झमाझम बारिश होगी और खासकर प्रदेश के मैदानी इलाकों में अच्छी बारिश होने का अनुमान है।

## बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट : 1300 क्लीनिक को नोटिस जारी

**» मैनेजमेंट के लिए क्या उपाय किया गया दस दिनों में देना होगा जवाब**



**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर सहित जिले के अंतर्गत संचालित होने वाले 01 हजार 351 निजी अस्पतालों, क्लीनिकों के संचालकों को सीएमएचओ ने बायोमेडिकल वेस्ट के निपटारे में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी कर दस दिनों के भीतर जवाब मांगा है।

ज्ञात हो कि जिले में संचालित 1351 निजी और सरकारी अस्पतालों के प्रबंधन द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर की जा रही लापरवाही से निपटने प्रशासन ने सख्ती शुरु कर दिया है। अस्पतालों से लेकर क्लीनिक संचालकों को बायोमेडिकल कचरा के निपटान के लिए वेस्ट मैनेजमेंट वाली कंपनियों से अनुबंध करना है। इसको लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ केआर सोनवानी ने नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत जिले में निजी क्षेत्र के पंजीकृत क्लीनिक, अस्पतालों, नर्सिंग होम में बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के प्राधिकार, निपटान तथा रिकार्ड की जानकारी मांगी है। रायपुर जिले में 51 सरकारी अस्पताल, 1300 निजी अस्पताल छोटे से लेकर बड़े संस्थान, क्लिनिक व पैथोलॉजी सहित 1351 अस्पतालों को शत-प्रतिशत नियमों के तहत बायोमेडिकल वेस्ट का उचित प्रबंधन करना है। बायो मेडिकल वेस्ट को लेकर छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड ने भी लापरवाही बरतने वाले निजी अस्पतालों नोटिस जारी कर दिया है। वहीं बोर्ड लापरवाही बरतने वाले संस्थान को जुर्माना लगाने की भी तैयारी में है।

## 17 डिप्टी कलेक्टर हुए इधर से उधर

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के विभिन्न स्थानों पर पदस्थ 17 डिप्टी कलेक्टर, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टरों का तबादला आदेश जारी जारी हुआ है। सामान्य प्रशासन विभाग महानदी भवन मंत्रालय से जारी आदेशानुसार सुखनाथ अहिरवार अपर कलेक्टर रायगढ़ को कोरिया, ईश्वर लाल ठाकुर जशपुर को धमतरी, एसएन मोटवानी राजनांदगांव को सूरजपुर, कामता प्रसाद साय सूरजपुर को जशपुर पदस्थ किया गया है। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर बीसी एक्का सरगुजा को बालोद, संयुक्त कलेक्टर सुमीत अग्रवाल बिलासपुर को प्रतिनियुक्ति पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रायगढ़, प्रेमप्रकाश शर्मा राजनांदगांव से प्रतिनियुक्ति पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर, श्रीमती सूर्यकिरण तिवारी अग्रवाल बिलासपुर को कोरबा, विजेन्द्र सिंह जशपुर को प्रतिनियुक्ति पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कोरबा, दशरथ सिंह राजपूत डिप्टी कलेक्टर कोरिया को जशपुर, कु. नयनतारा सिंह तोमर सरगुजा को कोरिया, गुड्डू लाल जगत बस्तर से दंतेवाड़ा, भास्कर सिंह मरकाम बिलासपुर को अवर सचिव राजस्व मंडल बिलासपुर, दीनदयाल मंडावी महासमुंद से कोण्डागांव, अतुल विश्वकर्मा दुर्ग को प्रतिनियुक्ति पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग, अजीत कुमार पुजारी अवर सचिव राजस्व मंडल बिलासपुर को डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर तथा अमित कुमार गुप्ता डिप्टी कलेक्टर मुंगेली को बिलासपुर पदस्थ किया गया है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, घर का सारा सामान जलकर हुआ राख

**जगदलपुर (आरएनएस)।** रविद्रनाथ टैगोर वार्ड में आज सुबह एक घर में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई, जिससे घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। परिजन डर के चलते घर से बाहर आ गए और उन्होंने इस घटना की जानकारी 112 डायल व फायर ब्रिगेड को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने 1 घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया ,लेकिन तब तक घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया था।



जानकारी में बताया गया कि रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड निवासी मनोज ठाकुर 50 वर्ष जो इंजीनियरिंग कॉलेज में लाइब्रेरी विभाग में कार्यरत हैं, उनके निवास के फ्रिज में आज सुबह अचानक एक जोरदार आवाज आई जिसके बाद धुआं निकलना शुरू हो गया। घर में मौजूद 5 लोग तत्काल बाहर आए और 112 डायल किया, फायर ब्रिगेड टीम ने 1 घंटे के अंतराल में आग पर काबू पाया।

## जनताना सरकार अध्यक्ष समेत 5 नक्सली विस्फोटकों के साथ गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की सुकमा जिला पुलिस ने दबिश देकर जनताना सरकार अध्यक्ष सहित 5 नक्सली जनमिलिशिया सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जो संगीन वारदातों में वांछित रहे हैं।



माड़वी हुंगा | कतरम कोसा | पोड़ियम सुला | माड़वी गंगा | कवासी हुंगा

सुकमा एसपी शलभ सिंहा ने बताया कि भेज्जी थाना क्षेत्र के एलारगड़गू कैम्प से पुलिस का संयुक्त बल नक्सलियों की धरपकड़ एवं गश्त सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। ग्राम रेगड़गट्टा के निकट जंगल में कुछ संदेही किस्म के लोग पुलिस को देखकर लुकने छिपने लगे, जिनका पीछा कर कतरम कोसा जनताना सरकार अध्यक्ष, माड़वी हुंगा, पोड़ियम सुला, माड़वी गंगा एवं कवासी हुंगा सभी जनमिलिशिया सदस्य को दबोच लिया गया।

उन्होंने बताया कि पकड़ाए नक्सली लम्बे समय से एरिया कमेटी में जुड़कर कार्य कर रहे थे। उक्त नक्सली मुख्य रूप से संतरी ड्यूटी, सड़क खोदने, ग्रामवासियों को नक्सलियों की मीटिंग में बुलाने एवं रेकी करने का कार्य करते थे। गिरफ्तार सदस्य नक्सली संगठन में ग्रामीणों को जोड़कर रखने, नक्सलियों के लिए भोजन व्यवस्था करने, गांव के युवक-युवतियों को संगठन में जोड़ने, लीडरों के इशारे पर बम लगाकर पुलिस को क्षति पहुंचाने, गांव-गांव में केम्प लगाकर वर्दी सिलाई करने, ग्रामीणों को नक्सली मीटिंग में बुलाने के अलावा नक्सलियों को दवाइयां व अन्य दैनिक सामान उपलब्ध कराने का काम करते थे।

पकड़ाए नक्सलियों के कब्जे से कार्डेक्स वायर, पेंसील सेल, जिलेटीन राड, बिजली वायर और पिट्ठू बैग बरामद किया गया है।

## छानबीन कमेटी की रिपोर्ट के खिलाफ जोगी हाईकोर्ट जाएंगे

**» चुनाव के पहले ऐसे फैसले से चुनाव प्रभावित करने की कोशिश की जाती है- जोगी**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की जाति मामले में छानबीन कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में जोगी को आदिवासी नहीं माना है। इसके बाद जोगी ने आज प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि उन्हें पहले ही पता था कि छानबीन कमेटी की रिपोर्ट क्या आएगी। उन्होंने कहा कि छानबीन कमेटी की रिपोर्ट के खिलाफ वे एक बार फिर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

श्री जोगी ने आरोप लगाया है कि छानबीन कमेटी ने ये रिपोर्ट सरकार के दबाव में बनाई है। उन्होंने कहा कि हर बार चुनाव के पहले ही ऐसे फैसले आते है। इस तरह चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है।

विदित हो कि जोगी 20 अगस्त को छानबीन कमेटी के सामने पेश हुए थे और अपना पक्ष रखा था। उसके बाद छानबीन कमेटी ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। छानबीन कमेटी ने अपना फैसला सुना दिया है जिसमें जोगी को आदिवासी नहीं माना है।

## तेज रफ्तार स्कूली बसें बन रही दुर्घटना का सबब



**रायपुर (आरएनएस)।** शहर में निजी शिक्षण संस्थानों में सर्वसुविधा युक्त व्यवस्था विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्कूली बसों की सेवा के जरिए विद्यार्थियों को रोज स्कू ल लाया ले जाया जाता है। कुछ शिक्षण संस्थानों में कम स्कूली बसों द्वारा जल्दी से जल्दी विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचाने के चक्कर में तेज रफ्तार बस के चलते आए दिन शहर के चौक चौराहों में दुर्घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। वहीं स्कूली ऑटो भी अधिक कमाई के चक्कर में क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को ऑटो में सवार कर जल्दी स्कूल पहुंचाने के चक्कर में दुर्घटनाओं को अंजाम देते हैं। उक्त स्कूली बसें एवं ऑटो की रफ्तार पर अब तक यातायात अमले ने नियंत्रण नहीं किया है जिसके चलते सुबह से ही शहर की सड़कों पर बड़ी-बड़ी बसें तेज रफ्तार चलते हुए दोपहिया वाहन चालकों सहित पैदल चलने वालों के लिए आए दिन दुर्घटनाओं का सबब बनती है। शहर के अनेक क्षेत्रों के रहवासियों ने इस संबंध में स्कूल शिक्षामंत्री सहित निजी स्कूल के संचालकों से छोटे-छोटे बच्चों के बसों से स्कूल आने जाने के समय स्वयं उपस्थित होकर बस चालकों को नियंत्रित गति में वाहन चलाए जाने के लिए संबंधित प्रशासनिक जवाबदार अधिकारी को सख्त निर्देश देने की मांग की है।

## शादी का झांसा देकर 5 साल तक करता रहा शारीरिक शोषण, हुआ गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** एक साल तक पत्नी बनाकर रखने के बाद, साथ रहने से इंकार करने वाले युवक को कोड़ेनार थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर अनाचार के आरोप में जेल भेज दिया है।



कोड़ेनार थाना प्रभारी दिलेश्वर चंद्रवंशी ने बताया कि बड़े आरापुर पटेलपारा में रहने वाली प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके पड़ोस में रहने वाले रुपेंद्र ठाकुर वर्ष 2014 से शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। 19 अप्रैल 2018 को अपने साथ विशाखापट्टनम भी ले गया, जहां 1 साल तक पत्नी बनाकर रखा और उसके बाद नहीं रखने की बात कहते हुए प्रार्थीया को उसके पिता के घर छोड़ दिया। प्रार्थीया ने मामले की जानकारी पंचायत को बताई तथा पंचायत में भी युवक ने युवती को अपने साथ रखने से मना कर दिया। आखिरकार थाना कोड़ेनार में मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद आरोपी फरार हो गया था।

## पोला तीजा एवं गणेशोत्सव की तैयारियां जोरशोर से जारी

**» पोला 30 एवं तीजा गणेशोत्सव का आयोजन 2 सितंबर को**

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पोला तीजा एवं गणेशोत्सव की तैयारियां शहर में जोरशोर से चल रही है। ज्ञातव्य है कि भादों अमावस पर पोला उत्सव का पर्व प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बैलों की पूजा बैल दौड़ आदि के रूप में आयोजित किया जाता है। उक्त आयोजन रायपुर में रावणभाठा मैदान में अखिल भारतीय यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष माधवलाल यादव के नेतृत्व में मनाए जाने की तैयारियां चल रही है। वहीं पति की आयु के लिए दीर्घायु का पर्व सुहागिन महिलाओं द्वारा भादों मास की तृतीया तिथि पर गौरी-शंकर एवं पार्वती के पूजन से विधिविधान के साथ दो सितंबर को मनाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ में तीजा पोला का पर्व मुख्य रूप से माई बेटियों द्वारा मायके में मनाया जाता है। उक्त पर्व का मुख्य उद्देश्य पति की आयु में वृद्धि के साथ ही घर में शांति एवं समृद्धि की कामना है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष तृतीया एवं चतुर्थी तिथि जानकारों के मुताबिक एक ही दिन पड़ रही है इसलिए गणेश



चतुर्थी भी दो सितंबर को मनाई जाएगी। शहर में गणेशोत्सव को लेकर चौक चौराहों, घनी बस्ती क्षेत्रों, पाश कालोनियों सहित अनेक क्षेत्रों में शामियाना पंडाल लगाए जाने का कार्य प्रारंभ हो गया है।

## मैं किसी से खुद की बराबरी नहीं करती : राधिका मदान

बॉलीवुड में कई सारे नए चेहरे हैं, लेकिन अभिनेत्री राधिका मदान उनमें से नहीं हैं जो किसी और के साथ प्रतिस्पर्धा करने में यकीन रखती हैं।

टेलीविजन शो 'मेरी आशिकी तुम से ही' में काम करने और कुछ रिएलिटी शो में अपना हाथ आजमाने के बाद राधिका ने पिछले साल फिल्म 'पटाखा' के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया जिसमें उनके अभिनय को लोगों ने खूब सराहा।



अपने सक्सेस मंत्रा और फ्रेश फैक्टर पर राधिका ने कहा, ''मैं जैसी हूं हमेशा वैसा ही होने पर यकीन रखती हूं। मैं किसी और के जैसे होने या किसी के साथ प्रतिस्पर्धा करने में यकीन नहीं रखती हूं।''

उन्होंने आगे कहा, ''मैं हमेशा खुद को तव्वजो देने और जो भी आप कर सकते हैं उस पर विश्वास करने में यकीन रखती हूं। मुझे लगता है कि यही मेरा फ्रेश फैक्टर है-मैं सच्ची हूं, मैं ईमानदार हूं और मैं किसी भी चीज या किसी इंसान के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करती हूं।''

राधिका और 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' के अभिनेता आदित्य सील टाइम्स फ्रेश फेस के लेटेस्ट एडिशन के लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए।

अपने फ्रेश फैक्टर के बारे में आदित्य ने बताया, ''मैं प्रोफेश्रल कोरियन मार्शल आर्ट में प्रशिक्षित हूं इसलिए मैं कहूंगा कि मेरे अल्ट्रा चॉकलेटी फेस के साथ पैक ऑफ पंच का असामान्य कॉम्बिनेशन मेरा फ्रेश फैक्टर है।

## काफी समय बाद वेब सीरीज में दिखेंगी चित्रांगदा



एक म्यूजिकल ड्रामा वेब सीरीज के जरिए अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह जल्द ही वेब सीरीज में एक अभिनेत्री व प्रोड्यूसर के तौर पर डेब्यू करेंगी. सीरीज की शूट इस साल के अंत में शुरू होगी. चित्रांगदा ने कहा, मैं वेब सीरीज की शूटिंग की शुरुआत इस साल के अंत या आगामी साल की शुरुआत में कर सकती हूं. इसलिए, अभी का वक्त थोड़ा खाली है. सीरीज एक म्यूजिकल ड्रामा पर आधारित होगा. मैं उत्साहित हूं, क्योंकि मैं कुछ दिलचस्प करने का इंतजार कर रही थी. मुझे किसी परियोजना पर अभिनय किए काफी वक्त हो चुका है. इसके साथ ही चित्रांगदा ने यह खुलासा भी किया कि वह अपने प्रोडक्शन के बैनर तले सीरीज बना रही हैं. आखिरी बार अभिनेत्री को फिल्म बाजार (2018) में देखा गया था, जिसमें उन्होंने सैफ अली खान की पत्नी का किरदार निभाया था.

## अनार के छिलके के ये फायदे जानकर आप भी रह जाएंगे हैरान!

अब अनार खाने के तो अनगिनत फायदे हैं, पर क्या आपको पता है कि सेहत के लिए जितना फायदेमंद अनार है, उतना ही उसके छिलके. अनार का छिलका इतना गुणकारी होता है कि अगली बार आप जब भी अनार खाएंगे, उसके छिलके कचरे के डब्बे में फेंकने से पहले 20 बार सोचेंगे.

*जिन महिलाओं के साथ अनियमित पीरियड्स की शिकायत रहती है और इस दौरान पेट में असहनीय दर्द होता है, उनके लिए ये सबसे कारगर है. बस आप अनार के सूखे छिलकों को पीसकर एक चम्मच पानी के साथ लें. इससे रक्तस्त्राव कम होगा और पेट दर्द में राहत भी मिलेगी.

*जिन्हें बवासीर की शिकायत है वे 4 भाग अनार कके छिलके और 8 भाग गुड़ को कूटकर छान लें और बारीक-बारीक गोलियां बनाकर कुछ दिन तक सेवन करें.

*अनार का छिलका गले का टॉन्सिल, हृदय रोग, मुंहासे, झुर्रियों, मुंह की बदबू, बवासीर, खांसी और नकसीर जैसी बीमारियों से राहत दिलाने में लाभदायक है.

*अनार के छिलके को सुखाकर इसका पाउडर बनाकर इसमें गुलाब जल एड कर के चेहरे पर लगाने से झुर्रियां दूर हो जाती हैं.



*मुंह से बदबू आती है तो इसके छिलके के सूखे पाउडर को एक ग्लास पानी में मिलाकर पिएं.

अनार के छिलको को सनस्क्रीन के तौर पर भी लगाया जा सकता है. सूखे छिलके को किसी भी तेल के साथ मिक्स कर के चेहरे पर लगाने से यह सन टैनिंग से रोकता है.